दिन– शनिवार   दिनांक– 27 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।   अवधिः– 05 मिनट

नीति आयोग की शासी परिषद की नौंवीं बैठक आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केन्द्र में हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के मुद्दे पर चर्चा की जा रही है। बैठक में विकसित भारत के विजन दस्तावेज के लिए आशय पत्र पर भी विचार किया जाएगा। नीति आयोग ने कहा है कि बैठक का लक्ष्य भागीदारी पूर्ण शासन और केन्द्र तथा राज्य सरकारों के बीच सहयोग बढाना तथा ग्रामीण और शहरी जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। बैठक में विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में राज्यों की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी। राज्यों के मुख्यमंत्री और केन्द्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल तथा केन्द्रीय मंत्री, शासी परिषद के पदेन सदस्य विशेष आमंत्रित के रूप में बैठक में शामिल हैं। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और इसके सदस्य भी बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। बिहार से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा बैठक में भाग ले रहे हैं ।

———————————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन टी ए ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी का संशोधित परिणाम जारी कर दिया है। देशभर से तेईस लाख तैंतीस हजार दो सौ संतानवे अभ्यर्थियों में तेरह लाख पन्द्रह हजार आठ सौ तिरेपन सफल हुए हैं। संशोधित परिणाम में सत्रह उम्मीदवार टॉपर हुये हैं। पिछले परिणाम में टॉपर की संख्या सड़सठ थी। दरभंगा के माजीन मंसूर सात सौ बीस में से सात सौ बीस अंक लाकर टॉपर बने हैं। मेरिट लिस्ट में पहले सौ छात्रों में बिहार के पांच छात्रों ने अपनी जगह बनाई है। बिहार से परीक्षा में एक लाख उनचास हजार पांच सौ बयालीस अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इनमें चौहत्तर हजार सात सौ सोलह सफल हुए हैं। वहीं, बिहार के सत्ताईस समेत देश में एक सौ पैंतीस छात्रों का रिजल्ट रद्द कर दिया गया। उम्मीदवार अपना परिणाम और स्कोरकार्ड आधिकारिक वेबसाइट neet.ntaonline.in पर देख सकते हैं।

——————————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायामूर्ति के. विनोद चंद्रन ने कहा कि अपराधिक घटनाओं पर लोगों का आक्रोश समाज में आम बात है। इससे न्यायाधीशों, अनुसंधानकर्ताओं और अभियोजकों को प्रभावित नहीं होना चाहिए। तीन नये अपराधिक कानूनों पर आज से पटना के ज्ञान भवन में शुरू दो दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए न्यायमूर्ति चन्द्रन ने कहा कि बेहतर और वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए बिहार में फॉरेंसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की आवश्यकता है। कार्यशाला में कई अधिवक्ता, लोक अभियोजक, सहायक अभियोजक अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं।

——————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत देश विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह रेडियो के मासिक कार्यक्रम की एक सौ बारहवीं कड़ी है। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह दूसरी कड़ी है। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्कों, ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जायेगा। आकाशवाणी के यू ट्यूब चैनल, डी डी न्यूज, पी एम ओ और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जाएगा।

——————————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की आज शाम नई दिल्ली में बैठक होगी। भाजपा मुख्यालय में होने वाली बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे। यह बैठक लोकसभा चुनाव और आम बजट पेश होने के बाद हो रही है। इस उच्च स्तरीय बैठक के दौरान सरकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन और अन्य मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

———————————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आगामी उनतीस जुलाई को नवादा के वारसलीगंज में सीमेंट फैक्ट्री की आधारशीला रखेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा और पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने आज कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया।

———————————————————————————————————

समाप्त